
# राज्य की 10 सीटों पर भाजपा तो एक पर कांग्रेस की जीत



रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को फिर एक बार करारी शिकस्त दी है। भाजा ने प्रदेश की कुल 11 लोकसभा सीटों में से 10 पर अपनी जीत दर्ज की है वहीं कांग्रेस एक ही सीट पर जीत पाई है।

लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर भले की भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नही रहा किंतु छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा की झोली में 11 में से 10 सीटें डाल दी। मंगलवार 4 जून की सुबह से शुरू हुई मतगणना में भाजपा के उम्मीद्वार सुबह से ही कांग्रेस प्रत्याशियों से बढ़त बनाकर चलते रहे। दोपहर तक लगभग तय हो गया था कि भाजपा को प्रदेश में 10 सीटें मिलने वाली है। वहीं कांग्रेस को एकमात्र लोकसभा सीट कोरबा बढ़त मिलती रही जहां से ज्योतसना महंत चुनाव मैदान में थी। कहा जा सकता है ज्योतसना महंत अपनी सीट बचाने में कामयाब रही। वही कांग्रेस के कद्दावर नेता भूपेश बघेल,ताम्रध्वज साहू,कवासी लखमा,शिव डहरिया,देवेन्द्र यादव को भी हार का सामना करना पड़ा। भूपेश बघेल को भाजपा के संतोष पांडे ने हराया। कहीं-कहीं ऐसा लगा कि कांग्रेस भाजपा को टक्कर दे रही है पर शाम होते - होते भाजपा प्रत्याशियों ने अपराजेय बढ़त बना ली और देर शाम तक प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा हो गया। वहीं कांग्रेस को एक ही सीट पर संतोष करना पड़ा।

**1. सरगुजा** लोकसभा से भाजपा के चिंतामणि महाराज, कांग्रेस की शशि सिंह से 60000 वोट से जीते।

**2. जांजगीर चांपा** लोकसभा से भाजपा की कमलेश जांगड़े, कांग्रेस के शिव डहरिया से 60000 वोट से जीती।

**3. राजनांदगांव** लोकसभा से भाजपा के संतोष पांडे,कांग्रेस के भूपेश बघेल से 44435 वोट से जीते।



**4. दुर्ग** लोकसभा से भाजपा के विजय बघेल,कांग्रेस के राजेन्द्र साहू से 437000 वोट से जीते

**5. रायपुर** लोकसभा से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल कांग्रेस के विकास उपाध्याय से 558005 वोट से जीते।

**6. महासमुंद** लोकसभा से भाजपा की रूप कुमारी चौधरी कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू से 135000 वोट से जीती।

**7. रायगढ़** लोकसभा से भाजपा के राधेश्याम राठिया ने कांग्रेस की मेनका देवी सिंह 240391 वोट से हराया।

**8. बिलासपुर** लोकसभा से भाजपा के तोखन साहू ने कांग्रेस के देवेन्द्र यादव को हराया।

**9. बस्तर** लोकसभा से भाजपा के महेश कश्यप ने कांग्रेस के कवासी लखमा को हराया।

**10. कांकेर** लोकसभा से भाजपा के भोजराज नाग ने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को हराया।

**11. कोरबा** लोकसभा से कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने भाजपा की कद्दावर नेत्री सरोज पांडे को हराया।

बता दें कि छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में वोटिंग हुई थी। पहले चरण में 19 अप्रेल को बस्तर की सीट पर हुई वोटिंग के बाद दूसरे चरण में 26 अप्रैल को राजनंदगांव, महासमुंद और कांकेर की सीटों पर वोट डाले गए थे। वहीं तीसरे चरण में 7 मई को सरगुजा, रायगढ़, जांजीर-चंपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में वोटिंग हुई थी।

## रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी के राधेश्याम राठिया को प्राप्त हुए 8,08,275 मत



रायगढ़

संसदीय क्षेत्र 02 अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी से राधेश्याम राठिया को 8,08,275 मत प्राप्त हुए। वहीं इंडियन नेशनल कांग्रेस की डॉ.मेनका देवी सिंह को 5,67,884, बहुजन समाज पार्टी से इनोसेट कुजूर-बिडना उरांव को 15,600, हमर राज पार्टी से अल्बर्ट मिंज को 10,959, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से गुलेश्वर पैंकरा को 2626, सर्व आदि दल से बादल एक्का को 1728, गोड़वाना गणतंत्र पार्टी से मदन प्रसाद गोंड को 3015, निर्दलीय- अभय कुमार एक्का को 1825, निर्दलीय- उदय कुमार राठिया को 2129, निर्दलीय- गोवर्धन राठिया 4593, निर्दलीय-पूजा सिदार को 4167, निर्दलीय-प्रकाश कुमार उरांव को 7722, निर्दलीय-रूपनारायण एक्का को 7420 मत प्राप्त हुए तथा नोटा पर 15,022 मत पड़े। इस तरह भारतीय जनता पार्टी से राधेश्याम राठिया 2,40,391 मतों से विजयी हुए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा: डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 9 जून 2024 को पीएटी, पीव्हीपीटी, बीएससी (कृषि), बीएससी(उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा, मत्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा मोबा.नं.77468-59383 को नोडल अधिकारी एवं सहायक समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन भुवनेवर पटेल मोबा.नं.70000-81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जुआ रेड : तालाबपार खरसिया में जुआ खेल रहे 5 जुआरी गिरफ्तार, फड से 5,250 रुपए जब्त

**रायगढ़।** रात्रि गस्त दौरान (04 जून के 01.20 बजे) चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय कुमार नाग के नेतृत्व में चौकी खरसिया पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम मटखनवा तालाबपार खरसिया में सार्वजनिक स्थान में तासपत्ती से से काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे जुआडियान 1. अजीत जायसवाल पिता संतोष जायसवाल उम्र 24 साल साकिन तुरीभंठा खरसिया 2. दानिश खान पिता अनवर खान उम्र 23 साल साकिन गंजपीछे खरसिया 3. राहुल राठौर पिता स्व विजय राठौर उम्र 28 वर्ष सापुरानी बस्ती खरसिया 4.जय सारथी पिता राजेश सारथी उम्र 30 वर्ष सा0 हमालपारा नया मोहल्ला खरसिया 5. गुलशन साहु पिता राजेन्द्र साहु उम्र 33 वर्ष सा0 गंजपीछे खरसिया चौकी खरसिया जिला रायगढ़ को पकड़ा गया है जिनके पास व फड से जुमला नगदी रकम 5250 रूपये, 52 पत्ती तास, एक प्लास्टिक को जप्त किया गया है। जुआरियों पर पुलिस चौकी खरसिया में धारा-3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जुआ रेड में चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक संजय कुमार नाग, प्रधान आरक्षक शंकर सिंह क्षत्री, आरक्षक कीर्ति सिदार, सोहन यादव, डमरूधर पटेल, साविल चंद्रा और आरक्षक सोमनाथ पटेल शामिल थे।

### गाज की चपेट में आकर दो की मौत, दो गंभीर

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई वहीं दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई हैं। घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बेलगहरा क्षेत्र के मरहिमाता मंदिर के पास यह हादसा हुआ है। तखतपुर क्षेत्र के ग्राम बीजा के चार लोग रविवार को मरहीमाता मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए गए हुए थे। इसी दौरान शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश शुरू हो गई। इस दौरान चारों व्यक्ति बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े हुए थे, तभी आकाशीय बिजली गिरी और इससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं गाज की चपेट में आकर दो अन्य बुरी तरह से घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- किरोड़ीमल शास.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में होगा कार्यक्रम
- प्रतियोगिता हेतु रजिस्ट्रेशन पूर्णत: नि:शुल्क




रायगढ़

क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'भूमि का पुनरोद्धारा, मरूस्थलीकरण और सूखे से निपटने की शक्तिÓ विषय पर जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत कविता वाचन प्रतियोगिता (कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं), पेटिंग (कक्षा 6 वीं से कक्षा 9 वीं), भाषण (महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं स्तर पर) एवं इको फ्रैन्डली क्राफ्ट निर्माण(सभी वर्गो हेतु) प्रतियोगिता 5 जून को प्रात: 9 बजे से किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ में आयोजित की जाएगी। उक्त सभी प्रतियोगिता में सभी वर्गो में पृथक-पृथक पुरस्कार (प्रथम 1000 रु., द्वितीय 700 रु. एवं तृतीय 500 रु.) प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता हेतु रजिस्ट्रेशन पूर्णत: नि:शुल्क है तथा प्रतियोगिता स्थल पर भी रजिस्ट्रेशन करा सकते है। क्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के सभी छात्र-छात्राएं एवं युवा वर्ग को उपरोक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आग्रह किया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबा.नं.87705-65998 एवं 93406-40874 में संपर्क कर सकते है।

## खनिज टीम ने अवैध खनन,परिवहन और भंडारण पर लगाया एक लाख 54 हजार का अर्थदंड

सारंगढ़ बिलाईगढ़

मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश के पालन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए स्थानीय रुप में उडनदस्ते का गठन किया गया है। साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उपाय किए जा रहे है। माह अप्रैल-मई 2024 दौरान दिनांक 18 अप्रैल 2024 को कोयले के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन को जप्त कर थाना सरसीवा के सुरक्षार्थ में रखा और अर्थदण्ड की राशि वसूल किया गया। 20 अप्रैल 2024 को कटंगपाली - बोंदा क्षेत्र तहसील-सरिया में खनिज डोलोमाईट के अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करते हुए 03 प्रकरण दर्ज कर वाहन,



कटंगपाली मशीनों को ग्राम पंचायत कटंगपाली के सरपंच की अभिरक्षा में दिया गया। 20 अप्रैल को ही भटगाव क्षेत्र में खनिज चूना पत्थर के अवैद्य परिवहन में संलिप्त 03 वाहनों पर कार्यवाही की गई।

सारंगढ़ क्षेत्र में 20 और 30 अप्रेल को तथा 01 मई 2024 को खनिज चूना पत्थर के अवैध परिवहन में 03 वाहन पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 एवं छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के महत् कार्यवाही की गई। इसी प्रकार 8 मई 2024 को बिलाईगढ- भटगाँव क्षेत्र में निरीक्षण दौरान खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 03 वाहन पर कार्यवाही करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया। समय-सीमा में खनिज रेत के संबंध में दर्ज प्रकरण पर जिला खनिज विभाग द्वारा 11 मई को सरसीवा क्षेत्र में जाँच में खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन पर कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना सरसीवा के सुपुर्दगी में दिया गया। 16 मई को तहसील सारगढ क्षेत्र के ग्राम सिघनपुर में खनिज रेत का अवैद्य भण्डारण पर पुनः कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत लगभग 100 हाईवा पर जप्ती की कार्यवाही कर ग्राम पंचायत सिघनपुर के उप सरपंच के सुरक्षार्थ में रखा गया। इस तरह विगत 01 माह में उडनदस्ता एवं विभागीय जाँचदल द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में कुल 15 प्रकरण दर्ज की गई। इन 03 प्रकरणों में कार्यवाही पूर्ण कर अर्थदण्ड की राशि 1,54,110/- (एक लाख चौवन हजार एक सौ दस रुपए) वसूल की गई। शेष 12 प्रकरणों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## पूंजीपथरा पुलिस ने गुम हुए बालक को किया परिजनों के सुपुर्द

रायगढ़



पूंजीपथरा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र से लापता हुए बालक को काफी प्रयास से ढूंढ निकाला और आज उसे परिजनों के सुपुर्द कर परिवार की खुशियां लौटाई है। गुम बालक का परिवार मूलत: ओडिशा के रहने वाले हैं, पिता प्लांट में काम करता है, बालक के रायगढ़ में अचानक लापता हो जाने से पूरा परिवार काफी परेशान था।

गुम बालक को लेकर 6 जनवरी 2024 को थाना पूंजीपथरा में बालक की मां रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब 5 साल पहले अपने पति और दो बच्चों के साथ रायगढ़ आकर छाल-घरघोड़ा रोड़ में किराया मकान लेकर रह रहे हैं। पति तराईमाल प्लांट में काम करते हैं। 22 नवंबर 2023 को महिला अपने छोटे बेटे को लेकर अपने गांव (उड़ीसा) चली गई । पति और बड़ा बेटा (उम्र करीब 13 वर्ष) किराया मकान पर थे। बड़ा लड़का को उसका पिता तराईमाल में अपने परिचित के घर पर रखकर प्लांट काम पर जाते थे। 27 नवंबर को बालक तराईमाल से अचानक कहीं चला गया। परिवारजनों ने अपने गांव, रिस्तेदार में बालक का काफी पता किये, पता नहीं चलने पर 6 जनवरी को बालक के गुम होने की रिपोर्ट थाना पूंजीपथरा में दर्ज कराया गया। थाना पूंजीपथरा में अपराध क्रमांक 07/2024 धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गुम बालक की जांच पतासाजी में लिया गया। बालक के परिजनों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उनका रायगढ़ में कोई खास जान परिचित नहीं है। बालक घर के मोबाइल नंबर जानता है पर उसने माता-पिता या किसी रिस्तेदार से संपर्क नहीं किया, जिससे परिवार परेशान थे। पुलिस लगातार विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप और गुम बालक के हुलिए की जानकारी सक्रिय मुखबीरों को देकर पतासाजी किया जा रहा था, इस दौरान गुम बालक के गोरखा, कोतरारोड़ रायगढ़ एक होटल में देखे जाने की जानकारी मिली। पुलिस गोरखा में पतासाजी किया गया पता चला बालक कुछ दिन गोरखा में रहा उसके बाद वहां से भी चला गया है। पुलिस लगातार होटल, ढाबा में अपने मुखबिर सक्रिय गुम बालक की पतासाजी में जुटी रही कि कल गुम बालक को तमनार क्षेत्र में होने की सूचना पर पुलिस ने पैरालीगल वालंटियर के साथ तमनार जाकर बालक को दस्तयाब कर लाया गया जिसे काउंसलिग आदि की कार्रवाई पश्चात आज परिजनों के सुपुर्द किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा गुम नाबालिगों की लगातार पतासाजी दस्तयाबी के दिशा निर्देशों एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर गु बालक की लगातार पतासाजी कार्यवाही में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार तथा बालक की दस्तयाबी कार्यवाही में पैरालीगल वालंटियर कृष्ण कुमार चौहान का विशेष योगदान रहा है।

## सट्टा-पट्टी लिखते दो व्यक्तियों को जूटमिल पुलिस ने पकड़ा, आरोपियों से 3,580 रुपए और सट्टा-पट्टी जब्त

रायगढ़




थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबीर से सूचना मिली कि कबीर चौक बीमा अस्पताल के पास भुवन आदित्य नामक व्यक्ति तथा सहाबुद्दीन खान नामक व्यक्ति द्वारा सट्टा-पट्टी लिखा जा रहा है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने से कार्रवाई के स्टाफ कबीर चौंक रवाना किया गया। जहां जूटमिल पुलिस द्वारा कबीर चौक बीमा अस्पताल के पास भुवन आदित्य पिता कन्हैया आदित्य उम्र 25 वर्ष निवासी बाजीनपाली शिव नगर थाना जूटमिल रायगढ़ को सट्टा लिखते पकड़ा गया जिसके कब्जे से नगदी रकम रु.2120/- रूपये, एक सफेद कागज में विभिन्न अंको में लिखा सट्टा-पट्टी, पेन की जप्ती की गई है।

वहीं कबीर चौंक के पास एक अन्य रेड कार्रवाई में पुलिस ने सहाबुद्दीन खान पिता सहनुद्दीन खान उम्र 35 वर्ष निवासी गांधी नगर वार्ड क्र. 33, थाना जूटमिल रायगढ़ को सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया है जिसके कब्जे नगदी रकम 1460/- रूपये, एक पेन और सट्टा पट्टी की जप्ती की गई है। दोनों आरोपियों पर थाना जूटमिल में क्रमशः अप.क्र. 257, 258/2024 धारा 06 (क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई किया गया है। रेड कार्रवाई में थाना जूटमिल के एसआई अमृत लाल साहू, एएसआई राजेन्द्र पटेल एवं हमराह पेट्रोलिंग आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ और शशिभूषण साहू शामिल थे।

## भीषण गर्मी की चपेट में छत्तीसगढ़, मानसून का इंतजार सभी को

रायपुर | आरएनएस

इस वर्ष छत्तीगसढ़ में ग्रीष्म ऋतु में निरंतर बढ़ते तापमान में गर्मी के सारे रिकार्ड तोड़ दिये। सर्वाधिक तापमान मुंगेली जिले में गत दिनों 47 डिसी दर्ज किया गया। वहीं रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में भी तापमान औसतन 45, 46 डिग्री तक दर्ज किया गया। सघन वन संभागों यथा सरगुजा एवं बस्तर में भी पिछले दस वर्षों की तुलना में मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस वर्ष लगातार तापमान में वृद्धि देखी गई। नवतपा में नौ दिन रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ी जिससे न केवल छग वरन देश के अन्य राज्यों में भी तापमान 50 से 52 डिग्री दर्ज किया गया। पर्यावरण प्रेमी एवं प्रकृति के लिए निरंतर काम करने वाले संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमाशंकर अवधिया के अनुसार लगातार तापमान में हो रही वृद्धि आने वाले समय में गंभीर स्थिति की ओर इशारा करती है। लगातार गर्मी की चपेट में आने से जहां जांजगीर चांपा जिले में अब तक 12 लोगों के लू की चपेट में आने से मृत्यु हो गई है। वहीं राजधानी सहित प्रदेश वासियों को अब मानूसन का बेसब्री से इंतजार है। आईएमडी के अनुसार छग में मानसून 10 से 12 जून के मध्य आने की संभावना है।

गौरतलब है कि सोशल मीडिया में एक विदेशी एजेंसी के प्रवक्ता जान डेफाडिल्स ने आने वाली दुनिया के बारे में 2060 में तापमान 70 डिग्री तक बढने की संभावना व्यक्त की है। उन्होंने उक्त भीषण गर्मी के बीच मानव जाति के विलुप्त होने की संभावना भी जताई है। वहीं वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी आरके सूद ने तापमान में लगातार वृद्धि के लिए जंगलों की कटाई को दोषी मानते हुए आम जनमानस से अधिक से अधिक संख्या में पौधा रोपण करने की सलाह दी है।

## उप संचालक कृषि ने किया सहकारी समितियों का निरीक्षण

- सहकारी समिति लोधिया, गोबरसिंहा में अनियमितता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर कृषि विभाग के दल द्वारा विकासखंड बरमकेला के सहकारी समिति लोधिया, गोबरसिंहा, साल्हेओना का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव के साथ ही जयप्रकाश गुप्ता (ए.डी.ओ.), निलेश राव (ग्रा. कृ.वि.अधि.) तालेश्वर पटेल (ग्रा. कृ.वि.अधि.) उपस्थित थे।

सहकारी समिति लोधिया में रासायनिक खाद यूरिया 203.400 मे.टन, डी.ए.पी. 60 मे.टन पोटाश 20 मे.टन एवं धान बीज स्वर्णा 210.80 क्विंटल भंडारण हुआ है, जिसमें यूरिया 60.300 मे.टन, डी.ए.पी. 53.800 मे.टन, पोटाश 0.650 मे.टन एवं धान बीज 20 क्विंटल वितरण किया गया है। सहकारी समिति गोबरसिंहा में रासायनिक खाद यूरिया 175.680 मे.टन, सुपर फास्फेट 5.650 मे.टन, डी.ए.पी. 90 मे.टन एवं धान बीज स्वर्णा 180 क्विं. एवं एम.टी.यू.1001- 30. क्विं. भंडारण हुआ है, जिसमें यूरिया 95 मे.टन, सुपर फास्फेट 5.650 मे.टन, डी.ए.पी. 60.500 मे.टन एवं धान बीज स्वर्णा 118.80 क्विं., एम.टी. यू.1001- 8.10 क्विं. वितरण किया गया है।



सहकारी समिति साल्हेओना में यूरिया 112.050 मे.टन, सुपर फास्फेट 25.000 मे.टन, डी.ए.पी. 61.000 मे.टन एवं धान बीज स्वर्णा 210.00 क्विं. भंडारण हुआ है, जिसमें रासायनिक खाद यूरिया 70.070 मे.टन, सुपर फास्फेट 1.700 मे.टन, डी.ए.पी. 51.150 एवं धान बीज स्वर्णा 132.90 क्विं. वितरण किया गया है। सहकारी समिति लोधिया, गोबरसिंहा में अनियमितता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया।

सहकारी समितियों को प्रतिदिन खोलने, 02 दिनों में किसानों को रासायनिक खाद बीज वितरण (भण्डारित खाद, बीज) कार्य पूर्ण करने, मांग अनुसार रासायनिक खाद का ऑनलाइन मांग तथा बीज मांग करने हेतु निर्देशित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480